**आकाशवाणी**

**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**रविवार 20.04.2025** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **प्रदेश के मुख्य वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन ने कहा– आधुनिक तकनीक और नवाचार से वनाग्नि पर नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं।**
- **30 अप्रैल से देहरादून के सहस्त्रधारा से गौचर और जोशियाड़ा के लिए हवाई सेवा शुरू होंगी।**
- **कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा के ताकुला में स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।**
- **मौसम विभाग ने आज राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश बारिश की संभावना जताई है।**

**मुख्य वन संरक्षक चम्पावत दौरा**

प्रदेश के मुख्य वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन ने जोर देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और नवाचार से वनाग्नि पर नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत वन विभाग ने मौसम विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने बताया कि वनाग्नि को रोकने के लिए उत्तराखंड फॉरेस्ट फायर ऐप विकसित किया गया है। प्रमुख वन संरक्षक ने बताया कि चीड़ पिरुल के बेहतर प्रबंधन के लिए सरकार ने पिरुल की खरीद दर 3 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी है। चंपावत भ्रमण के दौरान जिला मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. धनंजय ने कहा कि जिले में इको टूरिज्म के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। जिसके लिए विभाग धार्मिक पर्यटन, साहसिक पर्यटन और प्रकृति आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है।

**एयर कनेक्टिविटी**

उत्तराखण्ड में एयर कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए 30 अप्रैल से, सहस्त्रधारा से गौचर और सहस्त्रधारा से जोशियाड़ा के लिए हवाई सेवाएं शुरू की जाएंगी। साथ ही 15 मई को सहस्त्रधारा से पौडी और सहस्त्रधारा से श्रीनगर के लिए हवाई सेवाएं शुरू किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने उत्तराखण्ड हवाई संपर्क योजना के तहत गौचर, जोशियाड़ा, श्रीनगर और पौड़ी को हेलीकॉप्टर सेवा से जोड़ने के लिए टेंडर जारी कर दिया है, जिसमें निविदा के माध्यम से थुम्बी एविएशन को आवंटित किया गया है। यात्रियों को यह सेवा सुगमता से उपलब्ध हो सके, इसके लिए थुम्बी एविएशन की आधिकारिक वेबसाइट 'ीमसपजंगपपण्बवउ पर ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। हवाई सेवा का एकतरफा किराया सहस्त्रधारा से गौचर के लिए 4 हजार 500 रुपये, सहस्त्रधारा से जोशियाडा के लिए 3 हजर 869, सहस्त्रधारा से पौड़ी के लिए 3 हजार 869 रुपये और सहस्त्रधारा से श्रीनगर के लिए 4 हजार 285 रुपये निर्धारित किया गया है।

**कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या**

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने आज सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ताकुला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्सकों और स्टाफ को मरीजों को बेहतर उपचार व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान श्रीमती आर्य ने उपचार के लिए आए मरीजों से बात कर उनका हालचाल जाना। इससे पहले कैबिनेट मंत्री ने सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के मंडल ताकुला के अंतर्गत ग्राम थापला व कांडे में जनसभा कर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने श्रीमती आर्या को पेयजल, सड़कों के डामरीकरण, आवारा पशुओं से कृषि उपज के नुकसान और राशन कार्ड बनाने से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

## चार धाम यात्रा

चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित, सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में पौड़ी के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने यात्रा मार्ग के प्रमुख पड़ावों पर प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने श्रीनगर और यमकेश्वर क्षेत्र के सभी सार्वजनिक शौचालयों की सफाई करने तथा यात्रा मार्ग पर स्थित सभी पेयजल कनेक्शनों, प्याऊ, टैंकों की सफाई करने तथा पांच दिन के भीतर पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि 25 अप्रैल को श्रीनगर में रुद्रप्रयाग जिले के राजस्व और पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की जाएगी। इसी दिन श्रीनगर क्षेत्र में पेयजल, शौचालय, पार्किंग आदि व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं करने पर भी जोर दिया।

## बद्रीनाथ धाम

चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट आगामी 4 मई और हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलने है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन ने चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को इस बार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। जिले में यात्रा मार्ग पर तीर्थ यात्रियों के स्वास्थ्य की मेडिकल जांच के लिए पांच स्क्रीनिंग प्वांइट बनाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक गुप्ता  ने बताया कि यात्रा मार्ग पर पांच नए मेडिकल रिलीफ सेंटर बनाए जा रहे हैं।

## वक्फ संशोधन अधिनियम

भारतीय जनता पार्टी ने वक्फ संशोधन अधिनियम के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान– 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' की आज शुरुआत की है। यह अभियान 5 मई तक चलेगा। इस अभियान के तहत, भाजपा नेता और कार्यकर्ता, मुस्लिम समुदाय के बीच जाएंगे और उन्हें संशोधित अधिनियम के बारे में जागरूक करेंगे। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विपक्षी दलों पर वोट बैंक की राजनीति करने और संशोधित कानून के प्रावधानों पर मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप लगाया था।

## मौसम

और अब एक नजर आज के मौसम पर.... मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान जताया है। साथ ही उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। गढ़वाल मंडल के जिलों में कल भी यही स्थिति बनी रहेगी। इसके अलावा आज राज्य के अन्य जिलों में भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने देहरादून में आयुष संविदा चिकित्सक संघ को संबोधित करते हुए, प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में उनके सहयोग की अपील की।

स्वीप उत्तरकाशी की ओर से मानपुर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों को मतदाता शपथ दिलाई गई। साथ ही भाषण, पोस्टर और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर भाजपा सम्मान समारोह का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में हल्द्वानी के एमबी डिग्री कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा शासन में बाबा अंबेडकर को सम्मान दिया जा रहा है जबकि कांग्रेस ने कभी उनका सम्मान नहीं किया।